प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली: 24 जनवरी 2022

एशियाई खेलों में स्क्वैश में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए मंत्रालय ने क्रिस वॉकर की नियुक्ति की मंजूरी दी

नई दिल्ली, 24 जनवरी: युवा कार्याक्रम और खेल मंत्रालय ने, दो-बार विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप के पदक विजेता क्रिस वॉकर को इस साल के बाद एशियाई खेल के लिए भारतीय टीम के विदेशी प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। 16 सप्ताह के लिए स्क्वैश और साइक्लिंग में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले वॉकर की नियुक्ति की जाएगी।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, वॉकर की नियुक्ति की सिफारिश, भारतीय खेल प्राधिकरण चयन समिति और भारतीय स्क्वैश रैकेट संघ के अधिकारियों द्वारा की गई थी। 1997 में मार्को केन्र्स के साथ उन्होंने उद्घाटन विश्व डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप जीती। संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित होने के बाद, वह अमेरिकी टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षक बन गए।

उन्होंने कहा, "मैं विश्व युगल, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के साथ इतने महत्वपूर्ण वर्ष में टीम इंडिया के साथ काम करने को लेकर अधिक उत्साहित नहीं हो सकता।" "मैं महासंघ के साथ मिलकर काम करूंगा, और मैं सभी भारतीय स्क्वैश टीम के खिलाड़ियों को इन आगामी कार्यक्रमों में स्क्वैश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पूरी तरह से तैयार करने में मदद करना चाहता हूं। मैं वास्तव में आने वाले वर्ष की प्रतीक्षा कर रहा हूं"

उन्होंने 1993 और 1996 के विश्व ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते और वे 1995 और 1997 में विश्व टीम चैंपियनशिप में रजत पदक इंग्लैंड टीम ने जीती जिसका वे हिस्सा थे। वे 1998 और 2002 में राष्ट्रमंडल खेलों के युगल कांस्य पदक विजेता रहे। उन्होंने 1998 में कुआलालंपुर के राष्ट्रमंडल खेलों में साइकिलिंग खिलाडी के रूप में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया।

हाल ही में एशियाई टीम चैंपियनशिप, कुआलालंपुर में, सौरव घोषाल, रामित टंडन और महेश मंगावकर शामिल एशियाई टीम चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम उपविजेता रही। महिला स्क्वैड के साथ, जोशना चिनप्पा, सुनयना कुरुविला और उर्वशी जोशी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत इस साल दो प्रमुख आयोजनों में बेहतर परिणाम हासिल करना चाहता है।

राष्ट्रमंडल खेल, बर्मिंघम में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक और चीन के हांगझोउ में 10 से 25 सितंबर तक एशियाई खेलों का आयोजन होना है।

भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2018 में युगल जोड़ी, दीपिका पल्लीकल कार्तिक ने महिला युगल में दो रजत पदक जीते

और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित में सौरव घोषाल के साथ हिस्सा लिया। भारत ने एशियाई खेलों 2018 में पांच पदक प्राप्त किए, जिसमें एक रजत (महिला टीम) और तीन स्पर्धाओं में चार कांस्य पदक शामिल है।

भारतीय खिलाड़ियों की पीएसए विश्व रैंकिंग :

पुरुष: सौरव घोषाल (16), रामित टंडन (50), महेश मनगांवकर (51), विक्रम मल्होत्रा (71) और वेलावन सेंथिलकुमार (122)।

महिला: जोशना चिनप्पा (10), तन्वी खन्ना (77), सुनयना कुरुविला (108), आकांक्षा सालुंखे (157), उर्वशी जोशी (169)।

ईओएम